| | |
|---|---|
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर<br>**Indian Institute of Technology Bhubaneswar** |

**प्रेस विज्ञप्ति**

# आईआईटी भुवनेश्वर ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया

**भुवनेश्वर, 17 सितंबर 2025:** ‘एक पेड़ मां के नाम अभियान-2.0’ और ‘स्वच्छता ही सेवा’ कार्यक्रम के तहत, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने 17 सितंबर 2025 को अपने परिसर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। संस्थान के सदस्यों ने उत्साह और जोश के साथ बड़ी संख्या में इस अभियान में भाग लिया और आईआईटी भुवनेश्वर परिसर में लगभग 100 एवेन्यू, फलदार और सजावटी पौधे लगाए।

आईआईटी भुवनेश्वर के डीन (छात्र मामले) प्रो. राजेश रोशन दाश ; रजिस्ट्रार श्री बामदेव आचार्य; समन्वयक-एनएसएस डॉ. शिवैया बथुला और अधीक्षण अभियंता श्री के. रबिन कुमार डोरा ने वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया और पौधे रोपे। बागवानी विशेषज्ञ श्री के.वी. रेड्डी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

-------------------